PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, शनिवार 04 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## पंजाब कांग्रेस में होगी टूट!: राहुल के खास चन्नी नाराज, रंधावा शाह से मिले; चुनाव से पहले होगा बड़ा खेला




**ढिल्लों बोले-भाजपा में सबका स्वागत**

सात महीने बाद पंजाब में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसी स्थिति में पंजाब कांग्रेस में एक बड़ी कलह छिड़ जाने को भाजपा अपने लिए किसी बड़े अवसर से कम नहीं देख रही है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों भी जून 2022 से पहले कांग्रेस के बड़े नेता और दो बार के विधायक रहे हैं। लिहाजा कई कांग्रेसी नेताओं के गैर सियासी संबंध आज भी उनके साथ बहुत अच्छे हैं। चूंकि अब कांग्रेस में बगावत के सुर उठ रहे हैं तो लाजिमी है कि ढिल्लों भी नाराज नेताओं को भाजपा की ओर आकर्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। शुक्रवार को कांग्रेस में बगावत संबंधी प्रकरण पर ढिल्लों ने साफ कहा कि भाजपा एक बहुत बड़ा परिवार है और यहां आने वाले हर नेता का स्वागत है। ढिल्लों के अलावा सूबे के कई कांग्रेसी नेता राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ, केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा के भी संपर्क में हैं। उधर, सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा की शुक्रवार को ही शाह से मीटिंग की टाइमिंग ने भी अटकलों का बाजार खासा गर्म रखा। हालांकि इन सभी अटकलों को रंधावा ने खारिज कर दिया है।

कांग्रेस हाईकमान के पंजाब में पार्टी नेतृत्व को न बदलने के फैसले के बाद कांग्रेसियों ने विद्रोह छेड़ा है। जिसकी अगुवाई सांसद एवं पूर्व सीएम चन्नी कर रहे हैं। पंजाब कांग्रेस में बगावत के सुरों ने पार्टी की फूट को एक बार फिर उजागर कर दिया है। राहुल गांधी के खास माने जाने वाले पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी हाईकमान के फैसले से नाराज हो गए हैं। जिस दिन पंजाब में बगावत हुई उसी दिन सांसद एवं पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलते हैं और इस पूरे प्रकरण पर पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों कहते हैं कि भाजपा में सबका स्वागत है।

**पार्टी के सामने सियासी संकट**

सूबे में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस में बगावत की टाइमिंग ने पार्टी के समक्ष एक बड़ा सियासी संकट खड़ा कर दिया है। राहुल गांधी ने सितंबर 2021 में अंदरूनी राजनीतिक विवाद और कलह के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह से इस्तीफा लेकर दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का सीएम बनाया था। आज वही पूर्व सीएम चन्नी राहुल गांधी के फैसले को चुनौती दे रहे हैं।

**कई नाखुश नेता भाजपा के संपर्क में**

शुक्रवार को जो घटनाक्रम हुआ उससे सूबे की सियासत में बड़े खेल की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। उधर, भाजपा सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई नाखुश नेता भाजपा के संपर्क में हैं। दरअसल, भाजपा पंजाब में अपनी जड़ें जमाने की कोशिशों में लगी है। सत्ता में आने के लिए भाजपा हर तरह की रणनीति पर काम करने की तैयारी में है क्योंकि पार्टी जानती है कि पंजाब में उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। अभी सूबे में भाजपा के केवल दो ही विधायक हैं।

## Ali Khamenei Funeral: खामेनेई को श्रद्धांजलि देते हुए रो पड़े गलिबाफ-अब्बास अराघची

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राजधानी तेहरान में शुक्रवार से छह दिवसीय शोक समारोह की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान देशभर से लाखों लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है।



## E-Rickshaw: दिल्ली की तरह अलीगढ़ में भी थमे ई-रिक्शा के पहिये, यूट्यूब देख एप का प्रयोग कर रहे शरारती

चाइनीज एप बीएटी-बीएमएस के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस एप के जरिये बताया जाता है कि अपने फोन से कैसे चलते ई रिक्शा को बंद किया जा सकता है? यह एप कमजोर सुरक्षा संसाधनों वाले लिथियम बैटरी युक्त ई-वाहन को बंद कर देता है। दिल्ली की तरह अलीगढ़ में भी चाइनीज एप के जरिये ई रिक्शा बंद हो रहे हैं। यूट्यूब देख शरारती तत्वों ने शहर की सड़कों पर एप का इस्तेमाल किया जिसके चलते सप्ताह भर में 500 ई रिक्शा बंद हालात में अलग अलग शोरूम के सर्विस सेंटर पहुंचे। ई-रिक्शा वितरक लतेश गोयल ने इसे शरारत माना है। उन्होंने बताया कि शरारती लोगों ने वीडियो देखकर एप डाउनलोड कर चालकों को परेशान करना शुरू किया है। उनके शोरूम पर पिछले चार-पांच दिन में पचास से अधिक बंद ई-रिक्शा आए। इन रिक्शा को शुरू किया गया और चालकों को कंपनी का अधिकृत एप डाउनलोड कर समझाया गया। शहर में आधा दर्जन से अधिक वितरक हैं और सभी के सामने यह समस्या आ रही है। अब तक 500 करीब ई-रिक्शा बंद हुए हैं। दरअसल पिछले कुछ समय से चाइनीज एप बीएटी-बीएमएस के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस एप के जरिये बताया जाता है कि अपने फोन से कैसे चलते ई रिक्शा को बंद किया जा सकता है? यह एप कमजोर सुरक्षा संसाधनों वाले लिथियम बैटरी युक्त ई-वाहन को बंद कर देता है। अपने फोन में ब्लूटूथ से करीब 10 से 15 मीटर की दूरी तक खड़ा ई रिक्शा की लिथियम बैटरियों से जुड़ सकता है। डिफॉल्ट ब्लूटूथ सेटिंग का उपयोग करके बिना किसी पासवर्ड के बैटरी को बंद किया जा सकता है। इस एप पर गंभीर सवाल खड़े होने के चलते केंद्र सरकार ने इसे बंद कर दिया। मैं स्टेशन से जमालपुर के बीच ई-रिक्शा चालाता हूं। तीन दिन पहले कठपुला पर किसी ने ई-रिक्शा की बैटरी बंद कर दी। जिसे बाद में सही कराया।-**जीशान, ई-रिक्शा चालक**



मैं क्वार्सी से स्टेशन के बीच ई-रिक्शा चालाता हूं। बैटरी किसी ने बंद की तो मैंने बैटरी से चिप निकलवा दी। अब उसका मीटर बंद हो गया है।-**सलमान, ई-रिक्शा चालक**

**एप का दुरुपयोग**

कम कीमत वाले ई-रिक्शा और ई-स्कूटरों में अक्सर सुरक्षा व्यवस्था संसाधन कमजोर होते हैं। ऐसे वाहनों में डिफॉल्ट ब्लूटूथ सेटिंग खुली रहती है। इससे कोई भी व्यक्ति इस एप से वाहन को नियंत्रित कर सकता है। इन बैटरियों में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम नामक चिप लगी होती है। यह चिप बैटरी के मापदंडों जैसे वोल्टेज, तापमान और करंट की निगरानी करती है। उसी चिप को इस एप से नियंत्रित किया जा रहा है। चलते हुए वाहन को भी बीच सड़क पर रोका जा रहा है।

**सुरक्षा उपाय और चालकों की परेशानी**

लिथियम बैटरी वितरक रूपेश पाठक का कहना है कि उनकी कंपनी की बैटरी नियंत्रण के लिए अपना एक एप है। इसके सहारे हर बैटरी का एक पासवर्ड बनवाया जाता है। जिन्होंने पासवर्ड नहीं बनाया है, उन्हें यह समस्या आ सकती है। वे लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि सभी अपनी बैटरी का पासवर्ड बनाकर उसे सुरक्षित कर लें।

## Aligarh News: एआई डीपफेक से महिला से 1.25 लाख की ठगी




जिले में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला की फर्जी डीपफेक अश्लील तस्वीरें तैयार कर उन्हें वायरल करने की धमकी दी और डराकर उससे 1.25 लाख रुपये वसूल लिए। आरोप है कि दबाव में आकर पीड़िता को अपना सोना गिरवी रखना पड़ा और रकम आरोपियों को देनी पड़ी। इसके बाद भी आरोपी नहीं रुके और शिकायत करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी गई। लगातार धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल क्वार्सी थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

निर्देश मिलते ही क्वार्सी थाना पुलिस सक्रिय हुई और जांच के बाद शिकायत को सही पाया। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। एसएसपी नीरज जादौन ने कहा कि एआई के जरिए की गई इस तरह की साइबर ठगी और ब्लैकमेलिंग गंभीर अपराध है। आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## Aligarh News: सारसौल में निजी लाइब्रेरी में आग धुआं देखकर मची अफरा-तफरी

थाना बन्ना देवी क्षेत्र के अंतर्गत सारसौल चौराहा स्थित नीवरी हाउस में शुक्रवार सुबह एक निजी लाइब्रेरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते इमारत की दूसरी मंजिल से धुएं का गुबार उठने लगा, जिसे देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक नीवरी हाउस में सुरक्षा विहार निवासी जितेंद्र की लाइब्रेरी है। संचालक का दावा है कि लखनऊ हादसे के बाद इसे बंद कर दिया गया है। आग लगने की यह घटना सुबह 8.30 बजे की है। एलमपुर गढ़िया निवासी सोमेंद्र प्रताप ने बताया कि बंद पड़ी लाइब्रेरी में कुछ छात्र अपनी किताबें आदि लेने आ जाते हैं। वह भी छात्र है और शुक्रवार की सुबह अपनी कुछ किताबें लेने आया था। जैसे ही शटर उठाया तो पंखे के पास से धुआं निकलता दिखाई दिया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय लाइब्रेरी बंद थी। थाना बन्ना देवी के इंस्पेक्टर राजीव कुमार के मुताबिक दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस अग्निकांड में कुछ पंखे और लाइब्रेरी का अन्य सामान जल गया है, हालांकि किसी बड़े वित्तीय नुकसान की सूचना नहीं है। घटना ने एक बार फिर व्यावसायिक और सार्वजनिक इमारतों में अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड के बाद से ही जिला प्रशासन और एडीए सुरक्षा मानकों को लेकर शहर भर में लगातार जांच अभियान चला रहा है। ऐसे में इस तरह की घटना सामने आना कहीं न कहीं सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही को उजागर करता है। पुलिस का दावा चल रही है लाइब्रेरी, संचालक बोला बंद है लाइब्रेरी के संचालन को लेकर अलग-अलग दावे किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि एक दिन पहले तक लाइब्रेरी खुली थी। जबकि संचालक का दावा है कि लखनऊ हादसे के बाद इसे बंद कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## Maharashtra Updates: भिवंडी में धूं-धूं कर जली निजी बस; कॉलेज में दाखिला न मिलने पर युवती ने की आत्महत्या




अधिकारी ने बताया, "2 जुलाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नागपुर-वर्धा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आसोला-सावंगी के पास जाल बिछाया गया। जब पुलिस ने खान और शेख की कार को रोकने की कोशिश की तो चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन थोड़ी देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया।" पुलिस के अनुसार, आरोपी जल्दी मुनाफा कमाने की चाह रखने वाले लोगों को निशाना बनाते थे। वे 8 लाख रुपये के नकली नोटों के बंडल एक लाख रुपये नकद असली रकम के बदले देने का झांसा देते थे। अधिकारी ने बताया, "विश्वास जीतने के लिए आरोपी शुरुआत में छोटे लेनदेन में असली नोटों का इस्तेमाल करते थे। इसके बाद वे नकली नोटों के बंडल देते थे, जिनमें केवल ऊपर और नीचे असली नोट लगाए जाते थे। कई पीड़ितों ने धोखाधड़ी की शिकायत नहीं की, क्योंकि इन सौदों में बिना हिसाब का पैसा शामिल था।" पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,300 नकली नोटों के बंडल, 5,600 रुपये नकद, एक कार और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

महाराष्ट्र में भिवंडी के चाविंद्रा इलाके में नासिक रोड पर खड़ी एक निजी पर्यटक बस में देर रात आग लग गई। आग लगने के कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। निजामपुरा पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ियां और कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक बस पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। आग बुझाने के बाद पुलिस और दमकल कर्मियों ने बस और आसपास के इलाके की पूरी तरह तलाशी ली ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अंदर फंसा तो नहीं है। आग लगने का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शॉर्ट सर्किट समेत सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। नागपुर में 8.65 करोड़ रुपये के खिलौना नोटों के साथ दो गिरफ्तार, लोगों से करते थे ठगी नागपुर पुलिस ने लोगों को नकली नोट देकर ठगी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों के पास से 8.65 करोड़ रुपये के खिलौना नोटों के बंडल बरामद किए गए हैं जिन पर 'चिल्ड्रन्स बैंक ऑफ इंडिया' छपा हुआ था। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने आरोपियों की पहचान यवतमाल निवासी 43 वर्षीय अफरोज खान जमीरुल्ला खान और वर्धा जिले के 26 वर्षीय इरशाद जुम्मन शेख के रूप में की है।

## तेजाब पिलाया, फिर गला घोंटा: माता-पिता ने ही क्यों ली बेटे की जान? पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोली बर्बरता की पोल

गुजरात के राजकोट में 26 वर्षीय युवक की मौत पहले आत्महत्या मानी गई, लेकिन पोस्टमार्टम में हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस ने तेजाब पिलाकर गला घोंटने के आरोप में उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया। गुजरात के राजकोट में अपने घर पर 26 वर्षीय युवक की आत्महत्याके रूप में शुरू घटना अब हत्या निकली है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पोस्टमार्टम में गला घोंटने से मौत का पता चला है। इसके बाद उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोंडल तालुका के गुंडाला गांव के निवासी राम भरवाड की 30 जून को मृत्यु हो गई।

गुजरात के राजकोट में अपने घर पर 26 वर्षीय युवक की आत्महत्याके रूप में शुरू घटना अब हत्या निकली है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पोस्टमार्टम में गला घोंटने से मौत का पता चला है। इसके बाद उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोंडल तालुका के गुंडाला गांव के निवासी राम भरवाड की 30 जून को मृत्यु हो गई।

**क्या है पूरा मामला?**

पुलिस ने बताया कि उसके माता-पिता, बाबूभाई बंबवा और मनीषाबेन बंबवा ने कथित तौर पर शराब पीने की आदत को लेकर हुए मृतक से झगड़ा किया। इस दौरान उसे तेजाब पिलाया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।




**कई धारा में मामला दर्ज**

राजकोट (ग्रामीण) एसपी विजय सिंह गुर्जर ने बताया, पोस्टमॉर्टम के निष्कर्ष माता-पिता द्वारा बताए गए आत्महत्या के बयान से मेल नहीं खाते। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया पोस्टमार्टम के बाद राम की पत्नी ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या), 124 (तेज से जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) और 54 (सामान्य इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया।'

# E-Rickshaw: दिल्ली की तरह अलीगढ़ में भी थमे ई-रिक्शा के पहिये,

## यूट्यूब देख एप का प्रयोग कर रहे शरारती



चाइनीज एप बीएटी-बीएमएस के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस एप के जरिये बताया जाता है कि अपने फोन से कैसे चलते ई रिक्शा को बंद किया जा सकता है? यह एप कमजोर सुरक्षा संसाधनों वाले लिथियम बैटरी युक्त ई-वाहन को बंद कर देता है।दिल्ली की तरह अलीगढ़ में भी चाइनीज एप के जरिये ई रिक्शा बंद हो रहे हैं। यूट्यूब देख शरारती तत्वों ने शहर की सड़कों पर एप का इस्तेमाल किया जिसके चलते सप्ताह भर में 500 ई रिक्शा बंद हालात में अलग अलग शोरूम के सर्विस सेंटर पहुंचे। ई-रिक्शा वितरक लतेश गोयल ने इसे शरारत माना है। उन्होंने बताया कि शरारती लोगों ने वीडियो देखकर एप डाउनलोड कर चालकों को परेशान करना शुरू किया है। उनके शोरूम पर पिछले चार-पांच दिन में पचास से अधिक बंद ई-रिक्शा आए। इन रिक्शा को शुरू किया गया और चालकों को कंपनी का अधिकृत एप डाउनलोड कर समझाया गया। शहर में आधा दर्जन से अधिक वितरक हैं और सभी के सामने यह समस्या आ रही है। अब तक 500 करीब ई-रिक्शा बंद हुए हैं।

दरअसल पिछले कुछ समय से चाइनीज एप बीएटी-बीएमएस के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस एप के जरिये बताया जाता है कि अपने फोन से कैसे चलते ई रिक्शा को बंद किया जा सकता है? यह एप कमजोर सुरक्षा संसाधनों वाले लिथियम बैटरी युक्त ई-वाहन को बंद कर देता है। अपने फोन में ब्लूटूथ से करीब 10 से 15 मीटर की दूरी तक खड़ा ई रिक्शा की लिथियम बैटरियों से जुड़ सकता है। डिफॉल्ट ब्लूटूथ सेटिंग का उपयोग करके बिना किसी पासवर्ड के बैटरी को बंद किया जा सकता है। इस एप पर गंभीर सवाल खड़े होने के चलते केंद्र सरकार ने इसे बंद कर दिया।

# Delhi EV Policy: राजधानी में ईवी नीति लागू होते ही बदला बाजार का रुख,

## उपभोक्ता उत्साहित; कारोबारी चिंतित



एक ओर इलेक्ट्रिक कार और दोपहिया वाहनों के शोरूम में ग्राहकों की पूछताछ बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर टैक्सी, टूरिस्ट और ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े संगठन नीति को जल्दबाजी में लागू किया गया फैसला बता रहे हैं।दिल्ली सरकार की नई इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) नीति लागू होने के बाद राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर उत्साह और असंतोष, दोनों साथ-साथ दिखाई दे रहे हैं। एक ओर इलेक्ट्रिक कार और दोपहिया वाहनों के शोरूम में ग्राहकों की पूछताछ बढ़ गई है, वहीं दूसरी ओर टैक्सी, टूरिस्ट और ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े संगठन नीति को जल्दबाजी में लागू किया गया फैसला बता रहे हैं। सरकार इसे प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम मान रही है, जबकि कारोबारी चार्जिंग नेटवर्क, लागत और वित्तीय सहायता जैसे मुद्दों पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं।भीकाजी कामा प्लेस स्थित एक निजी इलेक्ट्रिक कार शोरूम के संचालक रमेश कहते हैं कि नीति लागू होने के बाद ग्राहकों की रुचि स्पष्ट रूप से बढ़ी है। पहले जहां प्रतिदिन दो से तीन लोग जानकारी लेने आते थे, अब यह संख्या बढ़कर आठ से दस हो गई है। फोन पर पूछताछ भी बढ़ी है। ग्राहक रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में मिलने वाली राहत, चार्जिंग सुविधाओं, बैटरी वारंटी और विभिन्न मॉडलों की जानकारी ले रहे हैं। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में यह बढ़ती दिलचस्पी बिक्री में भी बदल सकती है।

प्रीत विहार स्थित एक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन शोरूम के संचालक अविनाश के अनुसार, पहले प्रतिदिन 10 से 12 लोग शोरूम पहुंचते थे, जबकि अब 18 से 20 ग्राहक जानकारी लेने आ रहे हैं। सबसे अधिक मांग इलेक्ट्रिक स्कूटर की है। ग्राहक एक बार चार्ज करने पर मिलने वाली रेंज, चार्जिंग में लगने वाला समय और बैटरी की उम्र से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं।हालांकि नई नीति को लेकर आम उपभोक्ताओं के मन में अभी भी कई शंकाएं हैं। पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने की योजना बना रहे लोग जानना चाहते हैं कि रास्ते में बैटरी खत्म होने पर क्या व्यवस्था होगी, चार्जिंग स्टेशन कितनी दूरी पर उपलब्ध होंगे और बैटरी बदलने का खर्च कितना आएगा। सफदरजंग एन्क्लेव निवासी अंकित बताते हैं कि वे नई कार खरीदने की योजना बना रहे हैं। पहले उनका झुकाव पेट्रोल कार की ओर था, लेकिन अब ईवी विकल्प भी देख रहे हैं। उनका कहना है कि यदि टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में राहत मिलती है तो अच्छी बचत होगी, हालांकि अंतिम फैसला चार्जिंग सुविधा और बैटरी लागत की जानकारी मिलने के बाद ही करेंगे।अर्जुन नगर निवासी जया का कहना है कि वह रोजाना कार्यालय आने-जाने के लिए स्कूटर का उपयोग करती हैं। यदि सरकार सब्सिडी देती है तो इलेक्ट्रिक स्कूटर बेहतर विकल्प हो सकता है। वहीं सादिक नगर निवासी गोलू का कहना है कि पेट्रोल और इलेक्ट्रिक बाइक की कीमत लगभग समान है, लेकिन चार्जिंग की चिंता अभी भी बड़ी बाधा है। उनका मानना है कि पेट्रोल पंपों की तरह व्यापक चार्जिंग नेटवर्क बनने के बाद ही ईवी अपनाना आसान होगा।

### ईवी नीति के खिलाफ ट्रांसपोर्टेशन एसोसिएशन

दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट का कहना है कि पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन और आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार किए बिना नीति लागू कर दी गई है। उनके अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन पारंपरिक वाहनों की तुलना में महंगे हैं और छोटे ऑपरेटरों के लिए तत्काल वाहन बदलना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने सरकार से चरणबद्ध क्रियान्वयन और आर्थिक सहायता की मांग की। दिल्ली टूरिस्ट एंड बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि बलविंदर सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्टरों ने नीति का मसौदा तैयार होने के दौरान अपने सुझाव और आपत्तियां सरकार के सामने रखी थीं, लेकिन उन्हें पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक बसों की कीमत सामान्य बसों से कई गुना अधिक है, रखरखाव महंगा है और रीसेल वैल्यू भी कम है।

# यूपी: क्या CBI को सौंपी जा सकती है राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच?

## सोमवार को हाईकोर्ट कर सकता है फैसला




Ayodhya Ram Mandir Donation Case: राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच क्या सीबीआई को सौंपी जा सकती है। इस मामले में दाखिल एक पीआईएल पर हाईकोर्ट फैसला सुना सकता है।अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों से चढ़ावा चोरी के आरोपों वाले मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल जनहित याचिका (पी आई एल) पर संभवतः सोमवार को सुनवाई होगी। मामले की सी बी आई से जांच कराने समेत चढ़ावे की संपत्ति का कैग से ऑडिट कराने की मांग वाली यह पी आई एल को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में इसी 12 जून को दाखिल हुई थी। समय की कमी की वजह से ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान इसपर सुनवाई नहीं हो सकी। अब यह जनहित याचिका 6 जुलाई की वाद सूची में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने व्यक्तिगत रूप से यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें, कथित गबन मामले की जांच समेत केस दर्ज करने के निर्देश सी बी आई को देने का कोर्ट से आग्रह किया गया है। साथ ही श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों में चढ़ावे के रूप में मिलने वाली नकद धनराशि, सोने चांदी के आभूषणों व अन्य कीमती वस्तुओं का आडिट महालेखा परीक्षक नियंत्रक( कैग) से कराने की मांग भी की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम जी के मंदिर में दान व चढ़ावे की संपत्ति के कथित गबन के आरोपों का मामला अखबारों में छप रहा है। इससे भक्तों की भावनाओं को ठेस पंहुची है। ऐसे में इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और ऑडिट होना आवश्यक है। याची ने राज्य सरकार को भी यह भी निर्देश देने की मांग की है कि मामले की तफ्तीश किसी पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी की देखरेख में कराई जाए। याचिका में केंद्र, राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के प्रमुख सचिव, सी बी आई के निदेशक, कैग व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को इसके चेयरपर्सन के माध्यम से पक्षकार बनाया गया है।

# Uttarakhand: प्रदेश के 34 ग्रामीण मार्ग बंद,

## सबसे अधिक चमोली प्रभावित, साढ़े 11 घंटे बंद रहा बदरीनाथ हाईवे



प्रदेश में मानसून के सक्रिए होते ही मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी से राहत मिली है। लेकिन मौसम के बदले पैटर्न और जलवायु परिवर्तन का सीधा असर तापमान पर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला थमा तो आधे दिन तक उमस और गर्म हवाओं ने झुलसाया। वहीं बारिश से प्रदेश के कई संपर्क मार्ग बंद है।

राज्य में 34 मार्ग बंद है। इसमें सबसे अधिक चमोली जिला प्रभावित है। यहां दस मार्ग बंद है। मार्गों के बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में हुई बारिश के चलते बृहस्पतिवार को 32 मार्ग बंद हुए थे। बदरीनाथ हाईवे साढ़े 11 घंटे तक बंद रहा था।इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई थी। शुक्रवार को भी प्रदेश के 34 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद रहे। इसमें चमोली के बाद सबसे अधिक प्रभावित सीमांत जिला पिथौरागढ़ प्रभावित रहा, यहां पर आठ मार्ग बंद है।देहरादून छह, टिहरी चार, रुद्रप्रयाग तीन, पौड़ी दो और बागेश्वर जिला में एक मार्ग बंद रहा। इन मार्गों को खोलने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं चमोली जिले के विद्युत खंड नारायण बगड़ के अंतर्गत 20 गांव और विद्युत खंड देवाल के तहत आने वाले पांच गांवों में बिजली आूपर्ति बाधित थी, जिसे सुचारु किया गया है।नारायणबगड़ में शुक्रवार रात साढ़े तीन घंटे की बारिश ने लोगों को डराया। रात साढ़े 11 बजे तक हुई बारिश से बाजार में पानी भरा गया। इंटर कालेज मैदान भी तालाब बन गया। बारिश बंद होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# यूपी में एक और पति का कत्ल

## नींद की गोलियां देकर मारा, बाथरूम में गाड़ दी लाश, ऊपर रोज नहाती थी वो; पूरी कहानी

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां महिला ने पति की हत्या कर शव को बाथरूम में दफना दिया। उसके ऊपर से मिट्टी डालकर फर्श करा दिया। पति के शराब पीकर झगड़ा करने से तंग आकर महिला ने खीर में नींद की गोलियां मिलाई थीं। हत्याकांड का डेढ़ माह बाद खुलासा हुआ है।आगरा के सिकंदरा के दहतोरा में महिला ने शराब पीकर झगड़ा करने से तंग आकर पति सुरेंद्र (44) की हत्या कर दी। इसके बाद शव बाथरूम में दफना दिया और मिस्त्री को बुलाकर फर्श बनवा दिया। पुलिस के अनुसार, खीर में 20 से अधिक नींद की गोलियां मिलाकर हत्या की गई। हत्या के डेढ़ माह बाद पुलिस बुधवार को एक पुराने मामले में सत्यापन के लिए सुरेंद्र के घर पहुंची तो पत्नी रूबी घबरा गई। शुक्रवार को उसने अपने जेठ अनिल को बुलाया और घटना की जानकारी दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फर्श खोदकर सुरेंद्र का कंकाल बरामद करते हुए रूबी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की पूछताछ में अनिल ने बताया कि छोटा भाई सुरेंद्र कुछ काम नहीं करता था। रोज शराब पीने के कारण आए दिन पत्नी से उसका झगड़ा होता रहता था। 18 मई को रूबी ने फोन कर बुलाया और कहा कि पुलिस दबिश दे रही है, इसलिए मां और बच्चियों को अपने घर ले जाओ। घर पहुंचकर मां और भतीजियों को अपने घर ले आए। दूसरे दिन रूबी भी आ गई। बताया कि सुरेंद्र तीन हजार रुपये लेकर कहीं चले गए हैं। मोबाइल भी घर छोड़कर गए हैं। उन्हें उसकी बातों पर शक हुआ।




इसके बाद रूबी ने 26 मई को प्राची टावर चौकी पर जेठ के साथ पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस तलाश के लिए रेणुका धाम कॉलोनी भी पहुंची। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। पुलिस के आने पर रूबी रोने लगती थी। एक सप्ताह पहले अनिल के कहने पर रूबी अपने घर आ गई थी।



2017 में सुरेंद्र के खिलाफ ट्रक चोरी का मामला दर्ज हुआ था। बुधवार को पुलिस इस मामले में रूबी के घर सत्यापन के लिए पहुंची थी। सुरेंद्र के बारे में पूछने पर पत्नी ने लापता होने की जानकारी दी तो पुलिसकर्मियों ने रूबी के फोटो खींच लिए। इससे रूबी घबरा गई। उसे लगा कि पुलिस से किसी ने शिकायत कर दी है। शुक्रवार को उसने जेठ को फोन करके घर बुलाया और बताया कि पति को मारकर शव बाथरूम में दफना दिया है। इसके बाद अनिल ने पुलिस को सूचना दी।





### पुलिस से बोली-पति ने कर ली थी आत्महत्या

आरोपी रूबी को जब पुलिस ने गिरफ्तार किया तो वह बार-बार बयान बदलने लगी। पहले उसने नींद की गोली देने की बात कही। फिर कहा कि पति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घबराकर उसने शव को दफना दिया।कहा कि बाथरूम का फर्श कमरे के फर्श से दो से तीन फीट नीचे था, इसलिए शव को उसमें डाल दिया। इसके बाद मिट्टी लाकर डाल दी और मिस्त्री बुलाकर फर्श पक्की करवा दी। इससे किसी को शक नहीं हुआ।

वह घर में भी आराम से रह रही थी। हालांकि, पुलिस को शक है कि घटना में कोई और भी शामिल हो सकता है। एक अकेला व्यक्ति इस पूरी घटना को अंजाम नहीं दे सकता। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाथरूम का फर्श खोदकर कंकाल बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली। आरोपी रूबी से पूछताछ की जा रही है।

### 24 साल पहले भरतपुर से आगरा आया था परिवार

पुलिस के अनुसार, मूलरूप से भरतपुर के रंजीत नगर निवासी राधेश्याम शर्मा एक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत थे। 24 साल पहले सेवानिवृत्त होने के बाद आगरा आ गए थे। सिकंदरा के दहतोरा स्थित रेणुका धाम कॉलोनी में रहने लगे। 14 साल पहले उनकी मौत हो गई थी।

# यूपी में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का मर्डर: चेहरा,

## गर्दन, छाती-हाथ पर वार, पति ने इसलिए मार डाला; इनसाइड स्टोरी




यूपी के मेरठ में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर निशा चौहान की हत्या का मामला सामने आया है। निशा को पति ने चाकू से गोदकर मार डाला। बीच-बचाव में निशा का बेटा भी घायल हो गया। पति ने खुद को भी चाकू मारकर जान देने की कोशिश की। निशा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 25000 फॉलोअर हैं।मेरठ के सरूरपुर के कस्बा हर्रा में शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और ब्यूटी पार्लर संचालिका निशा चौहान की उनके पति प्रदीप चौहान ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।



बीच-बचाव में आया 17 वर्षीय बेटा देव भी चाकू लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद प्रदीप ने खुद को भी चाकू मारकर जान देने की कोशिश की।उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने निशा के भाई अंकित की तहरीर पर प्रदीप चौहान, उसके चचेरे भाई विकास और मामा के बेटे राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्लॉट के बैनामे और गली में गेट लगाने को लेकर विवाद हुआ था।

इन्फ्लुएंसर निशा का पड़ोस में रहने वाले प्रदीप के चचेरे भाई विकास से गली के रास्ते पर गेट निकलवाने को लेकर विवाद चल रहा था। उसने कई बार एसडीएम और सीओ से इसकी शिकायत की। कई बार वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया लेकिन समाधान नहीं निकला



आरोप है कि बृहस्पतिवार रात विकास ने अपने मामा के बेटे राहुल के साथ मिलकर अपने घर का तीसरा गेट निशा के ब्यूटी पार्लर के सामने लगवा दिया। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे जब निशा ने नया गेट देखा तो उसका वीडियो बना लिया। तहरीर के अनुसार इसके बाद विकास और राहुल ने प्रदीप को उकसा दिया। इस पर पति-पत्नी के बीच प्लॉट के बैनामे और गेट विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी।



आरोप है कि इसी दौरान प्रदीप ने आपा खो दिया। वह किचन से चाकू लेकर दौड़ा और निशा को जमीन पर गिराकर उसके चेहरे, गर्दन, छाती व हाथ पर लगभग 10 वार कर दिए। आरोप है कि प्रदीप निशा के शरीर पर उसकी मौत होने तक वार करता रहा। बचाव में आए दंपती के 17 वर्षीय बेटे देव के हाथ में भी चाकू लग गया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## Photos: क्या मुंबई पर मंडरा रहा बड़ा खतरा? रेड अलर्ट के बीच भारी बारिश, तूफानी हवाओं और ऊंची लहरों की चेतावनी



Mumbai Rain: मुंबई में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच आईएमडी ने रेड अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश, 60 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की चेतावनी भी दी। कई इलाकों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश भी दर्ज हुई है। लेकिन आखिर सबसे ज्यादा बारिश कहां हुई? हाई टाइड कितना खतरनाक हो सकता है? आने वाले घंटों में मुंबई के लिए मौसम कितना चुनौतीपूर्ण रहने वाला है? आइए, विस्तार से सभी सवालों के जवाबों को जानते हैं...

मुंबई में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए शहर और आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश, कुछ स्थानों पर अत्यधिक बारिश, 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की चेतावनी दी है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है।





**क्या है आईएमडी का रेड अलर्ट और क्यों बढ़ी चिंता?**

आईएमडी ने अपने ताजा पूर्वानुमान में कहा है कि सप्ताहांत के दौरान मुंबई और उपनगरों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होगी। कुछ इलाकों में अत्यधिक बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अलग-अलग स्थानों पर 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

**मुंबई में अब तक कितनी बारिश हुई है?**

इस बार मानसून भले ही देरी से पहुंचा हो, लेकिन सप्ताह की शुरुआत से ही मुंबई में लगातार तेज बारिश हो रही है। शनिवार सुबह 8 बजे तक के पिछले 24 घंटों में शहर के कई इलाकों में 100 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। बीएमसी के अनुसार आइलैंड सिटी में औसतन 99 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 98 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 94 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की आशंका बनी हुई है।



**किन इलाकों में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई?**

बीएमसी के आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उपनगरों में बांद्रा के एच वेस्ट वार्ड में सबसे अधिक 150.6 मिमी बारिश हुई। इसके बाद सुपारी टैंक, बांद्रा में 146 मिमी और पाली चिंबई, बांद्रा में 143.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। आइलैंड सिटी में परेल में 141.8 मिमी, माटुंगा-दादर में 135.2 मिमी और फोर्ट में 120.8 मिमी बारिश हुई। वहीं पूर्वी उपनगरों में विक्रोली में 143 मिमी, घाटकोपर में 136.4 मिमी, मानखुर्द में 134.2 मिमी और चेंबूर में 127.6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**किन इलाकों में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई?**

आईएमडी के अनुसार शनिवार दोपहर 2:50 बजे 4.26 मीटर ऊंचा हाई टाइड आने की संभावना है। इसके अलावा रविवार तड़के 2:52 बजे 3.60 मीटर ऊंचा हाई टाइड रहेगा। वहीं शनिवार रात 8:56 बजे 1.66 मीटर और रविवार सुबह 8:22 बजे 1.28 मीटर का लो टाइड रहेगा। भारी बारिश और हाई टाइड एक साथ होने पर समुद्र किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

क्या लोकल ट्रेन और बस सेवाएं प्रभावित हुई हैं?

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक मुंबई की लोकल ट्रेन, बेस्ट बस और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाएं फिलहाल चालू हैं। हालांकि यात्रियों ने उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाओं में देरी की शिकायत की है।

## 15 हजार ओलंपिक पूल जितनी खुदाई, बुर्ज खलीफा से 5 गुना ज्यादा कंक्रीट

## कॉलेज में दाखिला न मिलने पर युवती ने की आत्महत्या

बालोतरा के पचपदरा में 79,459 करोड़ रुपये की एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी रिकॉर्ड स्तर की इंजीनियरिंग से बनी। 15 हजार ओलंपिक पूल जितनी खुदाई और 40 गुना एफिल टॉवर स्टील इस्तेमाल हुआ। बालोतरा के पचपदरा में बनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी केवल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाली परियोजना नहीं है, बल्कि इंजीनियरिंग और निर्माण क्षमता का भी एक अनूठा उदाहरण बनकर सामने आई है। करीब 79,459 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी हटाई गई, जो लगभग 15 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल भरने के बराबर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह खुदाई गीजा के पिरामिड के निर्माण से करीब छह गुना अधिक है। रिफाइनरी के निर्माण में 16 लाख घन मीटर कंक्रीट का इस्तेमाल किया गया, जो बुर्ज खलीफा के निर्माण में लगे कंक्रीट से लगभग पांच गुना अधिक है। वहीं करीब 3 लाख मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ, जो एफिल टॉवर में इस्तेमाल स्टील से करीब 40 गुना ज्यादा है। पूरे परिसर में 28 हजार किलोमीटर लंबी केबल बिछाई गई है, जिसकी लंबाई पृथ्वी के व्यास से भी दोगुनी है। इसके अलावा रिफाइनरी में बना 125 मीटर ऊंचा कोक डोम अपनी तरह का अनूठा ढांचा है, जिसे गोल गुम्बज से लगभग तीन गुना बड़ा बताया जाता है। निर्माण के दौरान इस परियोजना ने रोजगार के क्षेत्र में भी बड़ा योगदान दिया। निर्माण चरण में करीब 35 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला, जबकि परिवहन, निर्माण सामग्री, मशीनरी और अन्य सहायक क्षेत्रों में लगभग एक लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए।




परियोजना के संचालन के साथ अब पश्चिमी राजस्थान में पेट्रोकेमिकल एवं प्लास्टिक उद्योगों का नया इकोसिस्टम विकसित होने की उम्मीद है, जिससे एमएसएमई, पैकेजिंग, टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स और एग्री-फिल्म्स जैसे उद्योगों को भी नई गति मिलेगी।

**रिफाइनरी उद्घाटन से पहले फिर चुनौती: तेज आंधी में गिरे होर्डिंग्स**

जिस राजस्थान रिफाइनरी के उद्घाटन का लंबे समय से इंतजार है, वहां उद्घाटन से ठीक पहले एक जोरदार तूफान ने सारी व्यवस्थाओं को अस्त व्यस्त कर दिया। शुक्रवार देर रात बालोतरा के पचपदरा में तेज आंधी से कार्यक्रम स्थल पर लगे कई बड़े होर्डिंग्स और बैनर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले 21 अप्रैल को प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम भी रिफाइनरी परिसर में आग लगने के बाद स्थगित करना पड़ा था।

## यूपी: क्या CBI को सौंपी जा सकती है राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच? सोमवार को हाईकोर्ट कर सकता है फैसला




Ayodhya Ram Mandir Donation Case: राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच क्या सीबीआई को सौंपी जा सकती है। इस मामले में दाखिल एक पीआईएल पर हाईकोर्ट फैसला सुना सकता है। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों से चढ़ावा चोरी के आरोपों वाले मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल जनहित याचिका (पी आई एल) पर संभवतः सोमवार को सुनवाई होगी। मामले की सी बी आई से जांच कराने समेत चढ़ावे की संपत्ति का कैग से ऑडिट कराने की मांग वाली यह पी आई एल को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में इसी 12 जून को दाखिल हुई थी। समय की कमी की वजह से ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान इसपर सुनवाई नहीं हो सकी। अब यह जनहित याचिका 6 जुलाई की वाद सूची में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने व्यक्तिगत रूप से यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें, कथित गबन मामले की जांच समेत केस दर्ज करने के निर्देश सी बी आई को देने का कोर्ट से आग्रह किया गया है। साथ ही श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों में चढ़ावे के रूप में मिलने वाली नकद धनराशि, सोने चांदी के आभूषणों व अन्य कीमती वस्तुओं का आडिट महालेखा परीक्षक नियंत्रक( कैग) से कराने की मांग भी की गई है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम जी के मंदिर में दान व चढ़ावे की संपत्ति के कथित गबन के आरोपों का मामला अखबारों में छप रहा है। इससे भक्तों की भावनाओं को ठेस पंहुची है। ऐसे में इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और ऑडिट होना आवश्यक है। याची ने राज्य सरकार को भी यह भी निर्देश देने की मांग की है कि मामले की तफ्तीश किसी पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी की देखरेख में कराई जाए। याचिका में केंद्र, राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के प्रमुख सचिव, सी बी आई के निदेशक, कैग व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को इसके चेयरपर्सन के माध्यम से पक्षकार बनाया गया है।




## PM Modi: छह जुलाई से तीन देशों के दौरे पर PM मोदी, राष्ट्रपति प्रबोवो के न्योते पर जाएंगे इंडोनेशिया




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। दौरे के दौरान रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, रक्षा, साइबर सुरक्षा, नई तकनीक, सांस्कृतिक सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की एक्ट ईस्ट नीति को मजबूती देने पर फोकस रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरे का उद्देश्य हिंद महासागर के पूर्वी क्षेत्र में भारत के रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को और मजबूत करना है। साथ ही सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, व्यापार, साइबर सुरक्षा, नई तकनीकों और रक्षा सहयोग जैसे क्षेत्रों में भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई धार देना भी है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया के दौरे पर रहेंगे। वह राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। वर्ष 2018 में दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी होने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जकार्ता में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे और भारतीय समुदाय को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा वह योग्याकार्ता स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर प्रम्बानन मंदिर परिसर का दौरा करेंगे। भारत और इंडोनेशिया इस ऐतिहासिक मंदिर के संरक्षण के लिए संयुक्त योजना पर भी काम कर रहे हैं।

**ऑस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे**

8 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंचेंगे। यहां वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। बैठक में साइबर सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने और उभरती तकनीकों पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम को भी संबोधित करेंगे और भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**40 वर्षों में भारतीय पीएम की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी**

10 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ऑकलैंड पहुंचेंगे। पिछले करीब 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। ऑकलैंड में प्रधानमंत्री मोदी अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। बैठक में व्यापार, वाणिज्य और रक्षा सहयोग की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा वह प्रमुख उद्योगपतियों, खेल जगत की हस्तियों और भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे।



## स्विस नाइफ से 17 वार, सड़क पर बिछ गई लाश: भागता रहा मोहित, वार करता रहा गौरव; इस वजह से शुरू हुआ था विवाद




**क्या है पूरा मामला**

शांतिनगर कॉलोनी में जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक खुद को बचाने के लिए मौके से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा कर सड़क पर गिरा दिया और उस पर ताबड़तोड़ कई वार किए। वारदात शांतिनगर कॉलोनी में बुधवार देर रात करीब दो बजे हुई। परिजनों का कहना है कि मुख्य आरोपी ने कुछ समय पहले हुए विवाद के बाद युवक को 15 दिन के भीतर जान से मारने की धमकी दी थी।

एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की शांतिनगर कॉलोनी निवासी मोहित शर्मा (22) को कॉलोनी में ही रहने वाले देव ने अपने जन्मदिन की पार्टी में घर बुलाया था। पार्टी में देव के अलावा शांतिनगर में ही रहने वाले हरि, गौरव शर्मा और कुछ अन्य दोस्त भी मौजूद थे। रात करीब दो बजे तक शराब और हुक्के की पार्टी चलती रही। इसी दौरान बहन को गाली देने को लेकर पहले हुए विवाद के चलते गौरव और मोहित के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद गौरव ने मोहित पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी मौके से फरार हो गए। मोहित के भाई मनीष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल मोहित को एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गाजियाबाद जिले में जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक खुद को बचाने के लिए मौके से भागा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा कर सड़क पर गिरा दिया और उस पर ताबड़तोड़ कई वार किए। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के शांतिनगर निवासी मोहित शर्मा और गौरव पंडित में शराब पीकर पूर्व में बहन को गाली देने के विवाद को लेकर तू-तू मैं-मैं हुई। गुस्साए मोहित ने गौरव पंडित के सीने में मुक्का मार दिया। इससे गौरव लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गया। इससे तिलमिलाए गौरव पंडित ने अपने जेब से स्विस नाइफ (कई धार वाला चाकू) निकाला और कुर्सी पर बैठे मोहित के सीने में घोंप दिया। जान बचाकर भागे मोहित का पीछा कर गौरव लगातार स्विस नाइफ से वार करता रहा। मकान के दरवाजे पर तीन वार किए। इसके बाद सड़क पर दौड़े मोहित को देव, उसके भाई न्याय व हरि ने पकड़ लिया। गौरव ने सड़क पर भी मोहित के पेट, सीने, माथे और कमर में 13 वार किए। कुल 17 बार स्विस नाइफ से वार होने के बाद मोहित लड़खड़ाकर गिर गया और उसकी आंतें भी बाहर आ गई थीं। वारदात को अंजाम देने के दौरान देव, उसका भाई न्याय और हरी ने गौरव पंडित का साथ दिया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गौरव पंडित को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने उक्त बातें बताई हैं। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि हत्यारोपी गौरव पंडित निवासी बिहारीपुरा, देव, उसका भाई न्याय और हरि को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि पूछताछ में आरोपी गौरव पंडित ने बताया कि उसने स्विस नाइफ से मोहित की हत्या की है। आलाकत्ल बरामद करने के लिए बृहस्पतिवार की देर रात गौरव पुलिस टीम के साथ जल प्लांट रोड स्थित डंपिंग ग्राउंड पर पहुंचा। जहां झाड़ियों में स्विस नाइफ के साथ आरोपी ने एक तमंचा और कारतूस भी छिपा रखे थे। आरोपी ने मौका पाते ही पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली गौरव के पैर में जा लगी। इससे वह लड़खड़ाकर गिर गया। टीम ने गिरफ्तार कर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया कि चारों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त स्विस नाइफ, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

**घायल से बदला लेने पहुंचे मृतक के परिजन**

मुठभेड़ के बाद मृतक मोहित शर्मा के परिजन और आक्रोशित भीड़ शुक्रवार को जिला अस्पताल में पहुंची। पुलिस कस्टडी में उपचाराधीन हत्यारोपी गौरव पंडित को भीड़ ने पकड़ लिया और धक्कामुक्की की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाकर शांत किया। आक्रोशित परिजनों ने खून का बदला खून की मांग की। साथ ही हत्यारोपी को उन्हें सौंपने की मांग की। मौके पर पहुंचे नगर कोतवाली और विजयनगर पुलिस टीम ने भीड़ को मौके से हटाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। घंटों चले हंगामे के बाद परिजन घर लौटे। हत्यारोपियों की घर पर तोड़फोड़ होने के बाद पुलिस ने देव और न्याय के घर को सील कर दिया है। साथ ही छह पुलिसकर्मियों और दो उप निरीक्षकों की टीम 24 घंटे तैनात की गई है।

**क्या होता है स्विस नाइफ**

स्विट्जरलैंड निर्मित स्विस नाइफ में पॉकेट मल्टी-टूल होते हैं। यह चाकू न केवल काटने के काम आता है, बल्कि इसमें कैंची, पेचकस, बोतल खोलने वाला और आरी जैसे कई उपकरण होते हैं। बता दें कि स्विस नाइफ से हमला करने के दौरान गौरव भी घायल हो गया था। उसके बाएं हाथ में स्विस नाइफ का कटर लगा था।

# कौन हैं कॉन्स्टेबल कपिल दिनकर? 'इंडियाज गॉट लैटेंट 2' में जीते एक लाख रुपये देखकर समय रैना हुए हैरान




India's Got Latent: समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में एक असली पुलिस वाला आया। उसने एक लाख रुपये का कैश प्राइज जीता। आइए जानते हैं यह पुलिस वाला कौन है? समय रैना के 'इंडियाज गॉट लैटेंट सीजन 2' का दूसरा एपिसोड शुक्रवार को रिलीज हुआ। शो में जब उत्तर प्रदेश पुलिस के एक कांस्टेबल कपिल दिनकर स्टेज पर आने लगे तो समय रैना हैरान हो गए। हालांकि, वह पुलिस वाला अपने गाने परफॉर्म करने और ऑडियंस को इम्प्रेस करने के लिए शो में आया था। कपिल स्टेज पर आए और मजाक में कहा, 'फिर से शुरू कर दिया ये? पिछली बार चैन नहीं पड़ा बंद करवा के?' समय रैना कन्फ्यूज दिखे और उन्हें चेतावनी भी दी कि वह स्टेज पर पुलिस यूनिफॉर्म नहीं पहन सकते। हालांकि, बाद में कपिल ने साफ किया कि वह असली पुलिस कांस्टेबल हैं। इसके बाद कपिल ने अपने गाने परफॉर्म किए और आखिरकार शो में 1 लाख रुपये का कैश प्राइज जीता। शो में, कपिल दिनकर ने बताया कि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के तौर पर चुना गया था। उन्होंने बताया कि उनका पैशन हमेशा से म्यूजिक रहा है, लेकिन उनकी मां का सपना था कि वह पुलिस फोर्स में शामिल हों। अपना परिचय देते हुए, उन्होंने कहा, 'मैं एक सिंगर, लिरिसिस्ट, कंपोजर हूं। यही मेरी आत्मा को सुकून देता है। और इसके अलावा, मैं बिल भरने के लिए एक पुलिस वाला हूं।' शो के दौरान, कपिल ने बताया कि वह डिपार्टमेंट में एकमात्र कॉप हैं जिन्हें प्रोफेशनली सिंगिंग करने की इजाजत दी गई है। उन्होंने बताया कि वह ज्यादातर नाइट ड्यूटी करते हैं, ताकि सुबह म्यूजिक पर फोकस कर सकें। कपिल ने यह भी बताया कि वह एक लेखक हैं। वह पहले तीन किताबें लिख चुके हैं और अभी आठ और पर काम कर रहे हैं।कपिल ने शो में अपना एक ओरिजिनल गाना गाया। सभी पैनलिस्ट की तरफ से उन्हें 10 पॉइंट दिए गए। इसके बाद उन्होंने एक लाख रुपये का कैश प्राइज जीता। उन्होंने खुद को भी 10 पॉइंट दिए।समय ने पुलिस वाले से पूछा कि क्या उन्हें कभी उत्तर प्रदेश में क्राइम से डर लगा है। कपिल ने पूरे कॉन्फिडेंस से जवाब दिया कि नहीं। उन्होंने कहा 'हमें बहुत आजादी दी गई है और हम बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।'

# 'समय रैना के शो में जाने के लिए तरस रहे हो' राखी सावंत ने खोली कॉमेडियन सुनील पाल की पोल बताया 25 लाख का सच



Rakhi Sawant Exposes Comedian Sunil Pal: बीते दिनों कॉमेडियन सुनील पाल ने कहा था कि समय रैना ने उन्हें शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये ऑफर किए। इस बात की सच्चाई अब राखी सावंत ने बता दी है। सुनील पाल अक्सर ही स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना को टारगेट करते हैं। वह समय रैना की कॉमेडी को पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वह गालियों का खूब इस्तेमाल करते हैं। इतने मतभेदों के बावजूद भी सुनील पाल का कहना है कि समय रैना ने उन्हें शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में आने के लिए 25 लाख रुपये ऑफर किए। इसके बावजूद वह शो का हिस्सा नहीं बनेंगे। अब राखी सावंत ने सुनील पाल की पोल खोल दी है एक वायरल वीडियो में सुनील पाल को लेकर राखी सावंत कहती हैं, 'ये सुनील पाल बहुत बड़ी-बड़ी फेंकता है। वो बोल रहे हैं कि समय रैना ने 25 लाख ऑफर किए तो भी शो में नहीं गए। अरे भाई, आपको वो दो लाख भी देंगे तो आप समय रैना के शो में जाओगे। आप समय रैना के शो में जाने तरस रहे हो।' राखी आगे कहती हैं, 'उसने आपको नहीं बुलाया है। समय रैना ने मुझे बुलाया है। मैं पहले सीजन में भी गई थी। इस सीजन में भी जाऊंगी।' गुरुवार को कॉमेडियन सुनील पाल एक इवेंट में शामिल हुए थे। इस इवेंट से उनका एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते हैं, 'समय रैना ने मुझसे बात की थी, 25 लाख देने की बात भी कही थी लेकिन मैंने कहा कि मैं गाली नहीं दूंगा। इस पर वह बोला कि सर आप गाली मत देना।' इस तरह से सुनील पाल ने जताया था कि वह 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में नहीं जाएंगे। समय रैना का शो की बात करें तो यह नेटफ्लिक्स और यूट्यूब दोनों प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होता है। जहां नेटफ्लिक्स पर आने वाला शो बिना विज्ञापनों के रहता है, वहीं यूट्यूब वाले वर्जन में बीच-बीच में विज्ञापन आते हैं। राखी आगे कहती हैं, 'उसने आपको नहीं बुलाया है। समय रैना ने मुझे बुलाया है। मैं पहले सीजन में भी गई थी। इस सीजन में भी जाऊंगी।'

# खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड ने आमिर-गौरी की शादी से पहले लिखा भावुक नोट



Aamir Khan Marriage: आमिर खान पांच जुलाई को तीसरी बार शादी करने वाले हैं। शादी से पहले सलमान खान के साथ रिश्ते में रहीं अभिनेत्री सोमी अली ने उनकी शादी को लेकर एक पोस्ट लिखी है। बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता आमिर खान पांच जुलाई को अपनी पार्टनर गौरी स्प्रैट से शादी करने जा रहे हैं। ऐसे में एक्ट्रेस और एक्टिविस्ट सोमी अली, जो पहले सलमान खान के साथ रिलेशनशिप में थीं, ने इस जोड़े को दिल से बधाई दी है। उन्होंने उम्र से परे प्यार को लेकर एक प्यारा मैसेज लिखा है। इंस्टाग्राम पर सोमी ने आमिर-गौरी के लिए एक इमोशनल नोट लिखा। उन्होंने लिखा 'गौरी और आमिर, प्यार किसी कैलेंडर को नहीं मानता। किसी भी उम्र में अपनी जिंदगी बांटने के लिए साथी मिलना उतना ही खूबसूरत है जितना कि 20 साल की उम्र में मिलना। खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती। प्यार के लिए खुला दिल जश्न मनाने की चीज है, आलोचना करने की नहीं। उम्र वर्षों में मापी जाती है, लेकिन प्यार पलों में मापा जाता है।' उन्होंने आगे जोड़े को बधाई देते हुए कहा 'अपना साथी पाने के लिए बधाई। कुछ लोग सही इंसान की तलाश में पूरी जिंदगी बिता देते हैं। अगर यह सफर किसी भी उम्र में शादी तक ले जाता है, तो यह देर नहीं है, बल्कि बिल्कुल सही समय है। नया अध्याय शुरू करने का साहस प्रेरणादायक है।' उन्होंने आगे लिखा 'सबसे अच्छी प्रेम कहानियां इस बात से तय नहीं होतीं कि वे कब शुरू होती हैं, बल्कि इस बात से कि उन्हें कितनी गहराई से जिया जाता है।' सोमी का यह मैसेज तब आया जब आमिर ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि वह और गौरी स्प्रैट 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे। हाल ही में अभिनेता ने बताया कि शादी एक निजी समारोह होगा, जिसमें केवल परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। सोमी अली का यह नोट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जहां कुछ लोग इसे एक सकारात्मक संदेश मान रहे हैं, वहीं कई इसे पुरानी यादों से जोड़कर देख रहे हैं। गौरतलब है कि सोमी अली हमेशा से ही अपने बेबाक बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए जानी जाती हैं। फिलहाल, आमिर और गौरी की शादी से पहले इस पोस्ट ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। सोमी अली ने अपनी पोस्ट में लिखा, "खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती। हम अक्सर सामाजिक दबाव या दूसरों की उम्मीदों के कारण सही निर्णय लेने से घबराते हैं, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि जीवन आपका है।" हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर शादी का नाम नहीं लिया, लेकिन प्रशंसकों का मानना है कि यह आमिर और गौरी की आने वाली शादी के संदर्भ में उनकी एक व्यक्तिगत प्रतिक्रिया है। सोमी अली ने अपनी पोस्ट में लिखा, "खुशी चुनने में कभी देर नहीं होती। हम अक्सर सामाजिक दबाव या दूसरों की उम्मीदों के कारण सही निर्णय लेने से घबराते हैं, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि जीवन आपका है।" हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर शादी का नाम नहीं लिया, लेकिन प्रशंसकों का मानना है

# '25 लाख देने की बात' समय रैना के शो को लेकर सुनील पाल का खुलासा क्या बनेंगे 'इंडियाज गॉट लेटेंट' का हिस्सा?

Is Sunil Pal Become Part of India's Got Latent: समय रैना और सुनील पाल अलग-अलग तरह की कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। सुनील पाल, समय रैना की अभद्र कॉमेडी को पसंद भी नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति के बावजूद भी क्या वह समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' का हिस्सा बनेंगे? स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना का शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट नजर आई थीं। वहीं दूसरे एपिसोड में भी किसी नामी सेलेब्स के आने की उम्मीद है। इसी बीच कॉमेडियन सुनील पाल ने खुलासा किया है कि उन्हें शो में आने के लिए 25 लाख रुपये ऑफर हुए। क्या इसके बाद वह समय रैना के शो का हिस्सा बनेंगे। यहां जानिए। गुरुवार रात कॉमेडियन सुनील पाल एक इवेंट में शामिल हुए। इस इवेंट से उनका एक वीडियो वायरल है, जिसमें वह कहते हैं 'समय रैना ने मुझे बात की थी, 25 लाख देने की बात भी कही थी लेकिन मैंने कहा कि मैं गाली नहीं दूंगा। इस पर वह बोला कि सर आप गाली मत देना।' इतना कहने के बाद भी सुनील पाल ने साफ-साफ नहीं बताया कि क्या वह 'इंडिया गॉट लेटेंट 2' में जाएंगे या नहीं।



सुनील पाल आगे कहते हैं, 'समय रैना के मिलियन में फॉलोअर्स हैं लेकिन वह सिर्फ मुझे इंस्टाग्राम पर फॉलो करता है। अब वो मुझे फॉलो कर रहा है तो अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाएगा।' समय रैना का शो की बात करें तो यह नेटफ्लिक्स और यूट्यूब दोनों प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होता है। जहां नेटफ्लिक्स पर आने वाला शो बिना विज्ञापनों के रहता है, वहीं यूट्यूब वाले वर्जन में बीच-बीच में विज्ञापन आते हैं। हाल ही में एक इवेंट के दौरान जब मीडिया ने सुनील पाल से पूछा कि क्या वह समय रैना के इस चर्चित शो का हिस्सा बनेंगे, तो उन्होंने हैरान करने वाला खुलासा किया।

# सिनेमाघरों में मनेगा त्योहार 'टॉक्सिक' से लेकर 'किंग' तक हर महीने होगा मनोरंजन आने वाली हैं ये बड़ी फिल्में




Bollywood Upcoming Release: साल 2026 में जुलाई से दिसंबर तक कई बड़े बजट की फिल्में आ रही हैं। आलिया भट्ट की 'अल्फा' से लेकर यश की 'टॉक्सिक' तक सिनेमाघरों में कई फिल्मों का जलवा दिखाई देगा। जानिए इन फिल्मों के बारे में साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर फिल्में तो कई रिलीज हुईं पर अब तक सिर्फ एक ही पांच सौ और हजार करोड़ी फिल्म (धुरंधर 2) बनी है। शुरुआती छमाही में कई बड़े-छोटे बजट की फिल्में रिलीज हुईं जिन्होंने करोड़ों का करोबार किया। मगर यह सिर्फ ट्रेलर था। असली फिल्म तो अब शुरू होगी। जुलाई से लेकर दिसंबर 2026 यानी साल की अगली छमाही में सिनेमाघरों में कई बड़े बजट और बड़े सुपरस्टार्स की फिल्में रिलीज होंगी। इनमें से तीन फिल्मों से तो बॉक्स ऑफिस पर हजार करोड़ का आंकड़ा पार करने की पूरी-पूरी उम्मीद भी है। जानिए इन अपकमिंग बिग बजट फिल्मों के बारे में...

2026 के जुलाई महीने में दो बहुप्रतिक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। पहली यशराज स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'अल्फा' जिसमें कमाल की एक्शन थ्रिलर हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ है 'धमाल -4' जिसमें कॉमेडी देखने मिलेगी। फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई, 2026 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में शरवरी वाघ, आलिया भट्ट, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इतना ही नहीं फिल्म 'अल्फा' में ऋतिक रोशन कैमियो रोल भी है। जिसे ट्रेलर में मेकर्स ने सरप्राइज के रुप में दर्शकों को दिखाया था। फिल्म का निर्देशन शिव रावेल ने किया है। फिल्म 'धमाल 4' 10 जुलाई 2026 को रिलीज होने वाली है। पिछली धमाल फेंचाइजी की तरह ही इस बार भी फिल्म के कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का लगाने की उम्मीद है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अरशद वारसी समेत कई बड़े स्टार्स हैं। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है फिल्म 'प्रहार' 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में 26/11 के आतंकी हमलों और 1993 के मुंबई बम धमाकों जैसे संवेदनशील मुद्दे पर निकम की कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है।फिल्म की स्टार कास्ट में राजकुमार राव, वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत शामिल हैं। फिल्म 'आवारापन-2' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2007 में आई कल्ट क्लासिक फिल्म 'आवारापन' का सीक्वल है।

# Kriti Sanon: ब्रेकअप की खबरों के बीच रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिखीं कृति सेनन डिनर डेट का वीडियो वायरल



Kriti Sanon And Kabir Bahia At Dinner Date: कृति सेनन का नाम लंबे वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया से जोड़ा जा रहा था। पिछले दिनों इनके ब्रेकअप की अफवाहें भी उड़ी थीं। इन्हीं अटकलों के बीच शुक्रवार देर रात दोनों को साथ देखा गया। क्या इनका पैचअप हो गया है? या फिर बात कुछ और है। बीते दिनों कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ देखा गया था। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायल हुईं। इसके बाद से ही कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। फिर कृति से अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी दिखे। यह सब होने के बाद अब दोनों को डिनर डेट पर साथ देखा गया है। मुंबई के बांद्रा में यह कपल डिनर डेट पर शुक्रवार देर रात दिखाई दिया। पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियो में दोनों मुस्कुरा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई।

# तमन्ना भाटिया के साथ ब्लैकपिंक की लीजा को देखकर चौंके फैंस सिंगर के अंदाज ने जीता दिल देखें वायरल वीडियो



Tamanna Bhatia with Lisa: तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज दिए हैं। लीजा के साथ उनका वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। कई यूजर्स ने वीडियो पर कमेंट किया है। तमन्ना भाटिया अपने शानदार अभिनय और डांस के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वह बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं। यहां वह मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आईं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि तमन्ना भाटिया ने सिंगर लीजा के साथ पोज दिया है। तमन्ना ने हाई स्लिट ब्लैक गाउन पहना है। वहीं सिंगर लीजा ने शानदार सफेद ड्रेस पहनी है। दोनों पोज देते हुए काफी खुश हैं। लीजा ने तमन्ना के साथ बातचीत के दौरान हाथ जोड़कर नमस्ते किया है। वायरल वीडियो पर कई फैंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कयास लगाया है कि तमन्ना और लीजा एक साथ कुछ नया कर सकती हैं। ऐसे में उसने लिखा 'कुछ खास पक रहा है।' एक और यूजर ने लिखा 'लीजा भारतीय लड़की की तरह लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'लीजा ग्लोबल आइकन हैं। इसके बावजूद वह बहुत विनम्र हैं। उन्होंने तमन्ना को नमस्ते किया है।' वहीं कुछ यूजर्स ने तमन्ना भाटिया की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा 'तमन्ना भाटिया अच्छी लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'तमन्ना भाटिया लीजा से ज्यादा अच्छी लग रही हैं।'

# घटकर 60 डॉलर तक आ सकता है कच्चा तेल

## होर्मुज से आवाजाही शुरू होने से घटी चिंता



होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव कम होने और खाड़ी देशों से तेल निर्यात सामान्य होने के बाद वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति बढ़ने के संकेत मिले हैं। विश्लेषकों का मानना है कि कमजोर मांग और संभावित सप्लाई अधिशेष के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतें वर्ष के अंत तक 60 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकती हैं।होर्मुज के आसपास तनाव कम होने से कच्चे तेल की आपूर्ति से जुड़ी चिंताएं लगभग खत्म हो गई हैं। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के निर्यात को सामान्य दरों की ओर बढ़ाने से क्रूड की कीमतों में गिरावट और गहरी हो गई है। चीन की कमजोर मांग और आपूर्ति में वृद्धि से अब बाजार में सप्लाई सरप्लस की संभावना बढ़ गई है। इससे क्रूड में और गिरावट की उम्मीद बढ़ गई है। सऊदी अरब पिछले हफ्ते के अंत में अपने विशाल रास तनुरा टर्मिनल से शिपमेंट को फिर से शुरू करने के बाद पिछले स्तर के करीब 90 फीसदी पर कच्चे तेल को लोड करने में कामयाब रहा। सऊदी अरब की यह वापसी उसके पड़ोसी देश संयुक्त अरब अमीरात जैसी ही है, जिसने पिछले महीने अपने तेल निर्यात को युद्ध-पूर्व स्तर यानी 39 लाख बैरल प्रतिदिन से अधिक पर बहाल कर दिया था।होर्मुज के जरिये आवागमन फिर से शुरू होने के साथ वैश्विक ऊर्जा बाजार धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। इससे निकट अवधि में तेल की आपूर्ति में सुधार हुआ है,

सिटीग्रुप ने एक रिपोर्ट में कहा, भू-राजनीतिक तनाव कम होने से ब्रेंट क्रूड ने युद्ध के दौरान हुई अपनी सारी बढ़त को गंवा दी है और इसमें 30 फीसदी की गिरावट देखी गई। हालात सामान्य होने की स्थिति में ब्रेंट क्रूड के दाम इस साल के अंत तक गिरकर 60 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकते हैं। इस राहत से भारत की सरकारी तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी, जिन्हें 30 जून तक 74,781 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने पर विचार कर सकती है।अनुमान है कि होर्मुज के रास्ते अब तेल आपूर्ति एक करोड़ बैरल प्रतिदिन से अधिक हो गई है। वह भी ऐसे समय जब युद्ध के समय अपनाए कई वैकल्पिक उपाय अब भी लागू हैं। मॉर्गन स्टेनली ने भी हाल के सप्ताहों में कच्चे तेल के मूल्य के अपने अनुमानों में दो बार कटौती की है और उभरते हुए आपूर्ति अधिशेष की चेतावनी दी है।

# Food Inflation: कमजोर मानसून से बिगड़ सकता है

## आम आदमी का बजट, इस साल 6 फीसदी रहेगी खाद्य महंगाई



### जुलाई में भी कम बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि जुलाई में मानूसन की बारिश लंबी अवधि के औसत के 94 फीसदी से कम हो सकती है। इससे कृषि उत्पादन एवं फसलों की पैदावार को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। भारत के कृषि क्षेत्र में सालाना होने वाली कुल बारिश का लगभग 70 फीसदी हिस्सा दक्षिण-पश्चिम मानसून से ही आता है। भारत में 1901 के बाद से इस बार जून पांचवां सबसे सूखा महीना दर्ज किया गया है, जहां बारिश सामान्य से 40 फीसदी कम रही। मौसम विभाग ने पहले जून में मानसून की बारिश लंबी अवधि के औसत के 92 फीसदी से कम रहने की भविष्यवाणी की थी। आईएमडी के अनुसार, देश के मध्य, पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों के बड़े इलाकों में औसत से कम बारिश होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक से 30 जून के बीच देश में सामान्य से 40 फीसदी कम बारिश हुई है। इस भारी कमी ने सरकार और आम आदमी दोनों की चिंता बढ़ा दी है। मई में पहले ही खाद्य तेल की महंगाई दर 9.5 फीसदी के उच्च स्तर पर थी। ऐसे में कमजोर मानसून खाद्य पदार्थों की कीमतों को और भड़का सकता है।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, कमजोर मानसून के कारण चालू वित्त वर्ष में खाद्य महंगाई लगभग 6 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। वहीं, खुदरा महंगाई करीब 5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जून में सामान्य से काफी कम वर्षा और जुलाई में भी औसत से कम बारिश की आशंका ने कृषि उत्पादन और खाद्य आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है।इस साल आम आदमी की थाली का बजट और बिगड़ सकता है। रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में देश में औसत खाद्य महंगाई बढ़कर 6 फीसदी के आसपास रह सकती है, जबकि खुदरा महंगाई दर 5 फीसदी पर टिक सकती है। इस चिंता की बड़ी वजह मानसून की शुरुआत में हुई कम बारिश है, जिससे खेती-किसानी और फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है।



# Ethanol Blending: ई20 पेट्रोल को लेकर फैली अफवाहों

## की क्या है सच्चाई? सरकार ने दिया हर सवाल का जवाब




सरकार ने ई20 इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम पर सोशल मीडिया में फैल रही गलत सूचनाओं का खंडन किया। मंत्रालय ने पानी की खपत, इंजन को नुकसान, बीमा और पर्यावरणीय दावों को खारिज करते हुए कार्यक्रम के लाभ और वैज्ञानिक आधार के बारे में बताया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। सरकार ने शुक्रवार को देश के ई20 इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम पर सोशल मीडिया में फैल रही गलत सूचनाओं का खंडन किया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 10 सूत्री स्पष्टीकरण जारी किया। मंत्रालय ने पानी के अत्यधिक इस्तेमाल, इंजन को नुकसान, बीमा अमान्य होने और पर्यावरणीय नुकसान जैसे दावों को खारिज किया है। यह कार्यक्रम पेट्रोल में 20 फीसदी तक इथेनॉल मिलाने जुड़ा है। मंत्रालय ने बताया कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक अध्ययनों, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और नियामकीय सुरक्षा उपायों पर आधारित है। मंत्रालय ने एक लीटर इथेनॉल उत्पादन में 10,000 लीटर पानी की खपत के दावे को भी गलत बताया। मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल डिस्टिलरी प्रति लीटर इथेनॉल के लिए लगभग तीन से पांच लीटर पानी का उपयोग करती हैं। ये डिस्टिलरी पानी को फिर से इस्तेमाल करने से जुड़ी प्रणाली का तेजी से संचालन कर रही हैं।ऑटोमोबाइल निर्माताओं और बीमाकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि ई20 के लिए डिजाइन किए गए या अनुमोदित वाहन वारंटी और बीमा की शर्तों के तहत कवर होते हैं।

इथेनॉल उत्पादन के लिए केवल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद बचे हुए चावल का उपयोग वह भी स्वीकृति मिलने पर होता है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मक्का, जो कार्यक्रम के तहत 40 फीसदी से अधिक इथेनॉल की आपूर्ति करता है, उसे धान की तुलना में कम सिंचाई की जरूरत होती है। सरकार ने ई20 को अप्रमाणित ईंधन बताने के दावे को खारिज किया। उसने बताया कि इथेनॉल मिश्रित ईंधन का उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दशकों से हो रहा है। अमेरिका, ब्राजील, कनाडा, थाईलैंड, जापान और कई यूरोपीय देशों ने इसे अपनाया है।वाहनों से जुड़ी चिंताओं पर मंत्रालय ने कहा कि ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने परीक्षण किए हैं। यात्री कारों में 40,000 किलोमीटर और दोपहिया वाहनों में 20,000 किलोमीटर तक परीक्षण हुए। इनमें ड्राइविंग क्षमता या ईंधन दक्षता पर कोई महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया गया। ईंधन दक्षता में केवल मामूली बदलाव दर्ज किए गए। E20 के लिए कैलिब्रेटेड वाहन इथेनॉल की उच्च ऑक्टेन रेटिंग से लाभ उठा सकते हैं।



# Gold Silver Price: सोने में ₹3000 की तेजी

## भाव ₹1.47 लाख प्रति 10 ग्राम के पार; जानें चांदी का क्या हाल



क्या सोने और चांदी की कीमतों में फिर आ गई है तेजी? दिल्ली में सोना ₹3,000 चढ़कर ₹1,47,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और फेडरल रिजर्व के रुख के बीच समझें सर्राफा बाजार की नई चाल और पढ़ें पूरी रिपोर्ट।दिल्ली के सर्राफा बाजार में दो दिनों की गिरावट पर ब्रेक लगाते हुए पीली धातु ने एक बार फिर जोरदार वापसी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में ₹3,000 की भारी तेजी दर्ज की गई, जिसके बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव ₹1,47,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख और अमेरिकी डॉलर में आई कमजोरी ने घरेलू सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की मांग को दोबारा हवा दे दी है। इस तेजी से शादी-ब्याह के सीजन में खरीदारी करने वालों की जेब पर असर पड़ना तय है।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का भाव 1 प्रतिशत यानी 38.75 डॉलर की तेजी के साथ 4,070.04 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी का भाव भी 1.3 प्रतिशत बढ़कर 59.89 डॉलर प्रति औंस पर दर्ज किया गया। बाजार के जानकारों के मुताबिक, इस तेजी के पीछे कमजोर डॉलर सूचकांक एक बड़ा कारक रहा है। दरअसल, बैंक ऑफ जापान द्वारा जापानी येन को मजबूत करने के लिए किए गए हस्तक्षेप की रिपोर्ट के बाद अमेरिकी डॉलर में नरमी देखी गई।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, बुधवार को सोने का बंद भाव 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जिसमें 3,000 रुपये (करों सहित) की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त बनाए रखते हुए चांदी का भाव 5,000 रुपये उछलकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (करों सहित) पर बंद हुआ। इससे पिछले सत्र में चांदी ₹2,35,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि सोने की मांग जहां अंतरराष्ट्रीय रैली के बाद सुधरी है, वहीं औद्योगिक और निवेश मांग के कारण चांदी लगातार मजबूत हो रही है।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमल गांधी के अनुसार, "अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श का नरम रुख इस तेजी की बड़ी वजह रहा। उन्होंने बाजार की उम्मीदों से कम सख्त (लेस हॉकिश) रुख अपनाया, जिससे ब्याज दरों में तत्काल बढ़ोतरी की चिंताएं कम हो गईं और सोने की कीमतें ऊपर चली गईं"। इसके अलावा, कतर के दोहा में अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ता में हुई प्रगति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिए गए बयान ने भी बाजार की धारणा पर सकारात्मक असर डाला है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी एनालिस्ट मानव मोदी का कहना है कि निवेशक अब अमेरिका के नॉन-फार्म पेरोल आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

# Report: केंद्र का राजकोषीय घाटा अप्रैल-मई

## में बढ़ने का कारण सब्सिडी और ब्याज भुगतान




### राजस्व वृद्धि चिंता का विषय क्यों बनी

राजस्व वृद्धि एक बड़ी चिंता के रूप में सामने आई है। सकल कर राजस्व में केवल 1.8 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई। जीएसटी और उत्पाद शुल्क संग्रह में कमी देखी गई। सीमा शुल्क और कॉरपोरेट कर संग्रह में अच्छी वृद्धि हुई। हालांकि, रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि कच्चे तेल की कीमतें गिरने पर सीमा शुल्क राजस्व नरम हो सकता है। आयकर संग्रह भी सुस्त रहा, जिससे वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने पर सवाल उठे हैं।सब्सिडी का खर्च वित्तीय दृष्टिकोण के लिए सबसे बड़ा जोखिम बना हुआ है। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी वैश्विक इनपुट कीमतों में वृद्धि के कारण उर्वरक सब्सिडी बढ़ी है। खाद्य सब्सिडी में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। यह उच्च खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य के कारण हुआ। ब्याज भुगतान भी इस अवधि में लगातार बढ़े हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि खाद्य और उर्वरक सब्सिडी मिलकर छह लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती हैं।अधिकारियों के अनुसार, यह अधिक खर्च बाद में पूंजीगत या अन्य विवेकाधीन खर्चों में कटौती के लिए मजबूर कर सकता है।

इक्विरस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2027 के अप्रैल-मई में केंद्र का राजकोषीय घाटा 1.62 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। सब्सिडी और ब्याज भुगतान में वृद्धि तथा राजस्व वृद्धि में कमी इसका मुख्य कारण रही। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।वित्तीय वर्ष 2027 के शुरुआती दो महीनों में केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई है। इक्विरस सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-मई में राजकोषीय घाटा बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह पूरे वर्ष के बजट अनुमान का 9.6 फीसदी है। उच्च सब्सिडी और ब्याज भुगतान के साथ राजस्व वृद्धि में कमी इसका मुख्य कारण रही।रिपोर्ट बताती है कि कुल व्यय में लगभग 18 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है। वहीं, कुल प्राप्तियों में लगभग दो फीसदी की कमी दर्ज की गई। यह कमी कर और पूंजीगत प्राप्तियों दोनों में गिरावट के कारण हुई। सार्वजनिक वित्त पर दबाव के बावजूद, पूंजीगत व्यय मजबूत बना रहा। अप्रैल-मई में पूंजीगत व्यय में 13.4 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई। यह वित्तीय वर्ष 2027 के बजट अनुमान का 20.5 फीसदी रहा। इसमें मुख्य रूप से रेलवे पर खर्च और राज्यों को हस्तांतरण शामिल है।

# Air India: एअर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर घटाया

## फ्यूल सरचार्ज, जानें यात्रियों को कैसे मिलेगी राहत




हवाई यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। एअर इंडिया ने अपने चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर लगने वाले फ्यूल सरचार्ज यानी ईंधन अधिभार में बड़ी कटौती की घोषणा की है। इस कदम से यूरोप, उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा अब सस्ती हो जाएगी।यह कटौती यात्रियों को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाएगी। अप्रैल महीने में यूरोप के लिए प्रति यात्री ईंधन अधिभार 205 डॉलर था। उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 280 डॉलर प्रति यात्री था। अब इन दरों में उल्लेखनीय कमी की गई है। यूरोप के लिए नया अधिभार 125 डॉलर प्रति यात्री होगा।उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 200 डॉलर प्रति यात्री कर दिया गया है। यह बदलाव हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाएगा। एयरलाइन का यह निर्णय यात्रियों को आकर्षित करने में सहायक होगा।

इस कटौती से यात्रियों को प्रति टिकट काफी बचत होगी। यूरोप जाने वाले यात्रियों को अब 80 डॉलर कम देने होंगे। उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने वालों को भी 80 डॉलर की बचत होगी। यह कमी सीधे तौर पर हवाई किराए को प्रभावित करेगी। इससे लंबी दूरी की यात्राएं अधिक सुलभ हो जाएंगी।फ्यूल सरचार्ज वह अतिरिक्त शुल्क है, जिसे एयरलाइंस यात्रियों से विमान के ईंधन (एविएशन टरबाइन फ्यूल- ATF) की लागत को पूरा करने के लिए टिकट किराये के अलावा वसूलती हैं।यानी फ्यूल सरचार्ज टिकट की कुल कीमत का एक हिस्सा होता है, लेकिन यह मूल किराए से अलग दिखाया जा सकता है।

# Aaj Ka Rashifal

## मेष सिंह और वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन लेकर आएगा खुशियां पढ़ें सभी राशियों का हाल

4 July Ka Rashifal: मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर समेत सभी 12 राशियों के लिए करियर, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य से जुड़ी ज्योतिषीय भविष्यवाणी पढ़ें।

Aaj Ka Rashifal 4 July: 4 जुलाई का दिन कुछ राशि वालों के लिए धन लाभ, करियर में नई उपलब्धियां और रिश्तों में खुशियां लेकर आएगा, जबकि कुछ लोगों को स्वास्थ्य और परिवार से जुड़े मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। यदि कोई सरकारी कार्य लंबे समय से अटका हुआ था, तो आज उसके पूरे होने की खुशखबरी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी की बात मन को थोड़ी खटक सकती है




### मेष

आज का दिन आपके लिए तरक्की और नई उपलब्धियों के संकेत लेकर आया है। आपकी मेहनत आखिरकार रंग दिखाने लगी है और रुके हुए कामों में भी गति आती नजर आएगी। यदि कोई सरकारी कार्य लंबे समय से अटका हुआ था, तो आज उसके पूरे होने की खुशखबरी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी की बात मन को थोड़ी खटक सकती है, लेकिन दूसरों की राय से अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने दें। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें और दस्तावेज़ों की अच्छी तरह जांच कर लें। स्वास्थ्य भी आपका ध्यान मांग सकता है, इसलिए लापरवाही से बचें।

### वृषभ

आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान और मन में उत्साह लेकर आने वाला है। आप हर काम सोच-समझकर करेंगे और यही समझदारी आपको सफलता दिलाएगी। परिवार के किसी सदस्य को लेकर जो चिंता आपके मन में थी, वह धीरे-धीरे समाप्त होती दिखाई दे रही है। व्यापार के सिलसिले में यात्रा का योग बन सकता है और यह यात्रा भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी और उनका मन फिर से पढ़ाई में लगने लगेगा। दिनभर ऊर्जा और सकारात्मकता आपके साथ बनी रहेगी।

### मिथुन

आज आपको छोटी-सी लापरवाही से भी बचना होगा, क्योंकि यही सावधानी आपको बड़ी परेशानी से बचा सकती है। यदि पिताजी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद चल रहा था, तो आज बातचीत के माध्यम से रिश्तों में फिर से मधुरता लौट सकती है। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों की बातों को गंभीरता से लें, क्योंकि आज की गई समझदारी भविष्य में आपके लिए नए अवसरों के द्वार खोल सकती है।

### कर्क

आज खुशियां आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकती हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय आपके मन को सुकून देगा और पुरानी चिंताएं धीरे-धीरे दूर होती जाएंगी। बच्चों के साथ हंसी-मजाक और मस्ती के पल आपके दिन को खास बना देंगे। जीवनसाथी को करियर में कोई बड़ी उपलब्धि या प्रमोशन मिल सकता है, जिससे पूरे घर में उत्साह का माहौल रहेगा। मेहनत आपको अपेक्षा से अधिक करनी पड़ सकती है, लेकिन धैर्य रखें क्योंकि सफलता आपकी ओर बढ़ रही है।

### सिंह

आज आपके साहस और आत्मविश्वास की चमक दूर तक दिखाई देगी। लोग आपकी क्षमता को पहचानेंगे, लेकिन काम निकालने के लिए थोड़ा नरम व्यवहार अपनाना भी जरूरी होगा। अनजान लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचें। पारिवारिक मामलों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है, लेकिन आपकी समझदारी हर समस्या का समाधान निकाल लेगी। संतान से किया गया कोई वादा आज पूरा करना पड़ सकता है और उनकी खुशी देखकर आपका मन भी प्रसन्न हो जाएगा।

### कन्या

आज भाग्य आपके प्रयासों का साथ देने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के साथ हल्की नोकझोंक हो सकती है, लेकिन स्थिति जल्दी ही सामान्य हो जाएगी। विदेश में पढ़ाई का सपना देखने वाले विद्यार्थियों को कोई उत्साहजनक समाचार मिल सकता है। परिवार में पुरानी नाराजगियां दूर होंगी और रिश्तों में फिर से मिठास घुलेगी। नए वाहन की खरीदारी को लेकर चर्चा आगे बढ़ सकती है और मन में उत्साह बना रहेगा।

### तुला

आज आपको फिजूलखर्ची और दिखावे से दूरी बनाकर रखने की आवश्यकता है। कोई सरकारी मामला या लेन-देन से जुड़ा विवाद थोड़ा तनाव दे सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। संतान के भविष्य और शिक्षा को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। अपने लिए कुछ नई चीजें खरीदने का मन भी बन सकता है। घर में किसी प्रिय अतिथि के आगमन से वातावरण में रौनक और खुशी दोनों बढ़ जाएंगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं रहेगा। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है और उसकी खुशी में आप अपने प्रियजनों के साथ उत्सव का माहौल भी बना सकते हैं। व्यापार में साझेदारी लाभ का कारण बन सकती है और नई योजनाएं आपके कारोबार को नई दिशा दे सकती हैं। नए वाहन की खरीदारी का विचार भी मन में आ सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन उपलब्धियों और संतोष से भरा रहेगा।

### धनु

आज आर्थिक मामलों में सुखद संकेत मिल रहे हैं। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और व्यापार में भी प्रगति के अवसर दिखाई दे रहे हैं। यदि कोई सरकारी कार्य लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। संतान के उज्ज्वल भविष्य को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। यात्रा के दौरान कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो आने वाले समय में आपके लिए लाभ का कारण बनेगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए कई सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। हालांकि जीवनसाथी के साथ किसी छोटी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और आपको अतिरिक्त मेहनत भी करनी पड़ सकती है। अच्छी बात यह है कि आपकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होती दिखाई दे रही है।

### कुंभ

आज का दिन सेवा, सहयोग और अच्छे कर्मों के नाम रहेगा। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक संतोष मिलेगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसी विषय पर मतभेद हो सकता है, लेकिन संयम बनाए रखना आपके हित में रहेगा। घर में मेहमानों की चहल-पहल से माहौल खुशनुमा रहेगा। माता जी आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकती हैं और आप उसे सफलता से निभाने में सक्षम रहेंगे।

### मीन

आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत होगी, क्योंकि बढ़ते खर्च आपकी चिंताओं को बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य भी आपका ध्यान मांग सकता है, इसलिए आराम और दिनचर्या का विशेष ख्याल रखें। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खुल सकते हैं। संतान की ओर से कोई गर्व करने वाली खबर मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में यदि कोई पुरानी गलती सामने आती है, तो विनम्रता और समझदारी से स्थिति संभालना ही आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में लाभदायक साबित होगी।

# Aaj Ka Love Rashifal


## इन 3 राशि वालों की लव लाइफ में बढ़ेगा प्रेम कर सकते हैं इजहार




Today Love Horoscope 4 July 2026: जानें आज आपकी राशि के अनुसार प्रेम जीवन, रिश्तों और कपल्स के लिए क्या कहते हैं सितारे।

4 July Love Rashifal: 4 जुलाई का दिन प्रेम जीवन के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। कुछ लोगों के रिश्तों में प्यार, रोमांस और नई खुशियों की दस्तक होगी, वहीं कुछ जातकों को अपने संबंधों में धैर्य, समझदारी और भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता पड़ सकती है। आइए जानते हैं सभी राशियों का आज का लव राशिफल।

## नौकरी-निवेश को लेकर इन मूलांक वालों की बढ़ेगी परेशानियां पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष




Today Numerology Prediction 4 July: अपने मूलांक से जानें कैसा रहेगा दिन ? और क्या कहता है आपका करियर-व्यापार आज आप शेयर बाजार या किसी नई योजना में निवेश करने का विचार बना सकते हैं। शिक्षकों के लिए दिन खास उपलब्धियां लेकर आ सकता है। इसके अलावा नए दोस्तों की संगति आपको अच्छी लगेगी और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना रहेगा।

## इस मूलांक के लोग अक्सर होते हैं हर किसी के क्रश शादी के बाद भी रहते हैं आकर्षक



Magnetic Personality Numerology Mulank: अंक ज्योतिष के अनुसार, कुछ खास जन्म तिथियां व्यक्ति को ऐसी 'मैग्नेटिक पर्सनैलिटी' देती हैं, जो उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाती है। आइए जानते हैं कि किस मूलांकि के लोग ज्यादातर लोगों के क्रश होते हैं।

Most Attractive Mulank: कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनकी आकर्षण क्षमता समय के साथ और निखरती चली जाती है। उम्र बढ़ने या शादी के बाद भी उनका चार्म कम नहीं होता, बल्कि लोग उनकी पर्सनैलिटी से और ज्यादा प्रभावित होने लगते हैं। अंक ज्योतिष के अनुसार, कुछ खास जन्म तिथियां व्यक्ति को ऐसी 'मैग्नेटिक पर्सनैलिटी' देती हैं जो उन्हें भीड़ में अलग पहचान दिलाती है। उनका आत्मविश्वास, बोलने का अंदाज और स्टाइल ऐसा होता है

## इस सप्ताह इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत सफलता और खुशियों का मिलेगा बड़ा तोहफा

Weekly Horoscope 05 to 11 July 2026: जुलाई 2026 का नया सप्ताह 05 जुलाई से 11 जुलाई तक कई राशियों के लिए खास बदलाव लेकर आ सकता है।

Weekly Horoscope 05 to 11 July 2026: 05 जुलाई से 11 जुलाई 2026 तक का यह सप्ताह ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान ग्रह-नक्षत्रों की बदलती चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। ज्योतिषियों के अनुसार, इस सप्ताह कुछ राशियों के लिए भाग्योदय, आर्थिक लाभ, करियर में सफलता और रुके हुए कार्यों में प्रगति के मजबूत योग बन रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, कुछ राशि के जातकों को स्वास्थ्य, संबंधों, खर्चों और कार्यक्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यह सप्ताह कई लोगों के लिए नई खुशियां लेकर आएगा, तो कुछ को संभलकर आगे बढ़ने की जरूरत रहेगी।

## IND vs ENG: वैभव सूर्यवंशी को लेकर रणनीति तैयार कर रहा है इंग्लैंड करन ने इस युवा बल्लेबाज को जमकर सराहा

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जाना है। इससे पहले, इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर सैम करन ने वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। करन ने यह भी बताया कि अगर इस 15 साल के बल्लेबाज को डेब्यू का मौका मिलता है तो इंग्लैंड की टीम उनके खिलाफ रणनीति बनाएगी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन ने वैभव सूर्यवंशी के भारतीय टीम में चयन को अविश्वसनीय कहानी करार देते हुए कहा कि इस 15 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज को अगर इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की टी20 सीरीज में डेब्यू का मौका मिलता है तो मेजबान टीम उन्हें रोकने की पूरी कोशिश करेगी। आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाने वाले सूर्यवंशी के अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का क्रिकेट जगत बेसब्री से इंतजार कर रहा है। भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले से पहले करन ने कहा, यह वाकई एक अविश्वसनीय कहानी है। मैंने लगभग पूरे महीने आईपीएल देखा और वैभव को बल्लेबाजी करते हुए देखकर लगा कि उनके लिए सब कुछ कितना सहज है। न्हें जो पहचान और सराहना मिल रही है, वह पूरी तरह से उनकी हकदार हैं। वह बेहद स्वाभाविक प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं और इस समय अपने करियर का भरपूर आनंद ले रहे हैं।




## IND vs ENG T20 Playing 11

### दूसरे टी20 के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 घोषित दो बदलाव ये खिलाड़ी करेगा डेब्यू



इंग्लैंड और भारत के बीच शनिवार को पांच मैचों टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला होना है। इंग्लैंड ने इसके लिए प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। जोफ्रा आर्चर को इस मैच में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में शनिवार को खेले जाने वाले दूसरे टी20 मुकाबले के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है। टीम ने पहले मैच की तुलना में दो बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाज जोश टंग को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला है, जबकि जोफ्रा आर्चर की भी टीम में वापसी हुई है। जोफ्रा आर्चर और तेज गेंदबाज जोश टंग को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में शामिल होने के कारण सीरीज के पहले मैच में आराम दिया गया था। इंग्लैंड ने जोश टंग और जोफ्रा आर्चर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। वहीं, साकिब महमूद और ल्यूक वुड को इस मुकाबले के लिए बाहर कर दिया गया है। गौरतलब है कि डरहम में सीरीज का पहला मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया था,



## IND vs ENG T20 Weather: भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टी-20 मुकाबले में बारिश बिगाड़ेगी खेल? जानिए मौसम का हाल

India vs England 2nd T20 Stretford Weather Pitch Report: भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी20 मैनचेस्टर में शनिवार को खेला जाएगा। पहले मैच में बारिश ने खेल बिगाड़ दिया था और दूसरी पारी शुरू होने से पहले ही मुकाबला रद्द करना पड़ा था। ऐसे में अब सभी की नजरें मौसम पर टिकी हैं कि क्या इस बार पूरा मैच खेला जा सकेगा।



भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाना है। डरहम में सीरीज का पहला मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया था, जहां दूसरी पारी शुरू होने से ठीक पहले बारिश ने खेल का मजा किरकिरा कर दिया था। उस मैच में मेहमान टीम (भारत) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189 रन बनाए थे, लेकिन दुर्भाग्य से पूरे मैच में सिर्फ यही एक्शन देखने को मिल सका था। वर्तमान में यह सीरीज 0-0 की बराबरी पर है और ऐसे में यह दूसरा मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।इस बड़े मुकाबले से पहले एकमात्र चिंता यही है

## IND vs ENG: बारिश में धुला भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टी20 अभिषेक और श्रेयस ने लगाए अर्धशतक सैमसन फिर फ्लॉप



भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टी20 मैच का मजा बारिश ने किरकिरा कर दिया। भारत की पारी पूरी हो गई थी और टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 190 रनों का लक्ष्य दिया था। लेकिन इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मैच बेनतीजा रहा। बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी और अंतत: मैच को रद्द करना पड़ा।

भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 189 रन बनाए। भारत की पारी जब खत्म होने वाली थी तभी बारिश शुरू हो गई थी, लेकिन इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले बारिश तेज हो गई जिससे मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और मैच का नतीजा नहीं निकल सका। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 चार जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा। भारत ने इस मैच में भी 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू करने का मौका नहीं दिया। आयरलैंड के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि वैभव को मौका मिलेगा, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कोर टीम पर भरोसा बरकरार रखा। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और सूर्यांश शेडगे को इस मैच में मौका नहीं मिला था। भारत ने इस मैच के लिए तीन स्पिनरों अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती को प्लेइंग-11 में शामिल किया था। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने दूसरे ओवर में ही संजू सैमसन और ईशान किशन के विकेट गंवा दिए।

## IND A vs SL A Test: यश-सारांश की शानदार गेंदबाजी पहले दिन कप्तान सहान की फिफ्टी श्रीलंका का स्कोर 288/5

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका ए ने कप्तान सहान अराच्चिगे (83*) की नाबाद पारी की बदौलत 85 ओवर में पांच विकेट पर 288 रन बनाए। भारत ए के लिए यश ठाकुर और सारांश जैन ने दो-दो विकेट लेकर मेजबान टीम को बड़े स्कोर से पहले रोकने की कोशिश की। भारत ए और श्रीलंका ए के बीच गाले में खेले जा रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ए ने 85 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 288 रन बना लिए। मेजबान टीम के कप्तान सहान अराच्चिगे 83 रन बनाकर नाबाद लौटे और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारत ए की ओर से यश ठाकुर और सारांश जैन ने दो-दो विकेट झटके, जबकि गुरनूर बराड़ को एक सफलता मिली।



भारत ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, शुरुआती 15 ओवर तक श्रीलंका ए के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। आखिरकार 16वें ओवर में यश ठाकुर ने सोहान डी लिवेरा (28) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद गुरनूर बराड़ ने पवन्था वीरसिंघे (39) को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। दो शुरुआती विकेट गिरने के बाद श्रीलंका ए के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी संभाली। नुवानिंदु फर्नांडो ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि आशेन बंडारा ने 34 रन जोड़कर टीम को स्थिरता दी। इसके बाद अंजला बंडारा ने 42 रन की अहम पारी खेलते हुए कप्तान सहान अराच्चिगे के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे श्रीलंका ए मजबूत स्कोर की ओर बढ़ता गया। उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने तक 83 रन की नाबाद पारी खेली,

## Ben Stokes Retirement: क्या स्टोक्स पर बनाया गया था संन्यास का दबाव? पोस्ट कर बताई सच्चाई फैंस का जताया आभार

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान करने के बाद पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और प्रशंसकों का आभार जताया। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद प्रशंसकों और अपने साथियों के लिए एक भावुक विदाई संदेश साझा किया है। 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहते हुए स्टोक्स ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह उनका अपना था और अब वह मैदान के बाहर से इंग्लैंड टीम का समर्थन करेंगे। स्टोक्स ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान आधिकारिक बयान जारी कर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने की घोषणा की थी। संन्यास की घोषणा के कुछ ही समय बाद उन्होंने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी विकेट भी हासिल किया। यह मुकाबला उनके करियर का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ,




## Deepti Sharma: धोनी और जोकोविच के बीच तुलना पर क्या बोलीं दीप्ति शर्मा? दोनों दिग्गजों की समानता भी बताई



भारतीय महिला टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने महेंद्र सिंह धोनी और टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की तुलना की है। उन्होंने साथ ही बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों में क्या समानताएं हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच की तुलना करते हुए बड़ा बयान दिया है। दीप्ति ने कहा है कि धोनी और जोकोविच में मुश्किल हालात में भी शांत और स्थिर रहने की अनोखी क्षमता है। दीप्ति महिला टी20 विश्व कप में शामिल होने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। भारत का सफर इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण में ही थम गया है। दीप्ति ने जियो हॉटस्टार पर कहा, जब आप जोकोविच की बात करते हैं, तो हर कोई उनकी मानसिक ताकत की बात करता है। वह ऐसे इंसान हैं जो कभी हार नहीं मानते, चाहे हालात कितने भी मुश्किल क्यों न हों। क्रिकेट में मुझे लगता है कि धोनी सर भी काफी हद तक ऐसे ही हैं। वह बहुत शांत रहने के लिए जाने जाते हैं। ऐसा कभी नहीं लगता कि वह किसी मुश्किल हालात में हैं।

जब भी दबाव वाले हालात आते हैं, तो वह उन्हें बहुत अच्छे से हैंडल करते हैं। जोकोविच और धोनी दोनों में यही खास बात है, जब सबसे ज्यादा जरूरत हो, तो वे शांत और मजबूत बने रहते हैं। उनसे हम शांत रहना और मुश्किल हालात से निकलना सीखते हैं। दीप्ति ने कहा, जोकोविच मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। मैं उनके खेल को बहुत करीब से फॉलो करती हूं। जिस तरह से वह कोर्ट पर लड़ते हैं, उनकी मानसिक ताकत और उनका कभी हार न मानने वाला रवैया, मैं सच में इन सबकी तारीफ करती हूं। उन्हें खेलते देखना हमेशा प्रेरणादायी होता है। मैं फेडरर और नडाल जैसे महान खिलाड़ियों को देखते हुए बड़ी हुई हूं। मैंने लंबे समय तक उनके मैच करीब से फॉलो किए हैं। लेकिन हाल ही में, जोकोविच मेरे पसंदीदा बन गए हैं। अब मैं किसी और से ज्यादा उनके मैच फॉलो करती हूं। दीप्ति ने कहा, मेरा सपना था कि एक दिन मैं विंबलडन मैच देखने आऊं और आखिरकार यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। जब आपने हमेशा किसी चीज को टीवी पर देखा हो, उसे पहली बार लाइव देखने का आनंद ही अलग है। यहां का माहौल, भीड़, एनर्जी सब कुछ अलग है। मुझे विंबलडन देखने में मजा आ रहा है। विंबलडन में एक दिन के लिए किसके साथ जाना चाहेंगी? इस सवाल के जवाब में दीप्ति ने कहा, मैं अपने साथ तीन लोगों सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर को ले जाना चाहूंगी। मुझे लगता है कि उनके साथ टेनिस देखना एक शानदार अनुभव होगा। उन्हें खेल के बारे में बहुत जानकारी है। मैं मैच देखते समय उनके विचार और विश्लेषण सुनना पसंद करूंगी। दीप्ति ने कहा, मेरा सपना था कि एक दिन मैं विंबलडन मैच देखने आऊं और आखिरकार यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। जब आपने हमेशा किसी चीज को टीवी पर देखा हो, उसे पहली बार लाइव देखने का आनंद ही अलग है। यहां का माहौल, भीड़, एनर्जी सब कुछ अलग है। मुझे विंबलडन देखने में मजा आ रहा है। भारतीय महिला टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने महेंद्र सिंह धोनी और टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की तुलना की है। उन्होंने साथ ही बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों में क्या समानताएं हैं।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No. UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर, बी-9, गायत्री भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















